विवरण

क्षयरोग के उपचार हेतु-दिनांक 15.3.1994 को उपलब्ध राष्ट्रीय क्षयरोग नियंत्रण कार्यक्रम उपचार सुविधाएं

क्रम सं०	राज्य / संघ क्षेत्र का नाम	जिले का नाम	क्षयरोग प्रर्दशन केन्द्र	जिला क्षयरोग केन्द्र	अन्य क्षयरोग क्लीनिको की कुल संख्या	क्षयरोग पलंगों की संख्या
1.	गुजरात	19	1	19	4	3563
2.	मध्य प्रदेश	45	1	45	5	1985

मध्य प्रदेश में "एड्स" के मामले

7719. **श्री दिलीप सिंह जूदेव:** क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) मध्य प्रदेश में अब तक एच० आई० वी० (पॉजिटिव) के कितने मामलों का जिला-वार पता चला है;

(ख) मध्य प्रदेश में किन-किन अस्पतालों में "एड्स" की जांच करने की सुविधा है;

(ग) क्या राज्य में केन्द्रीय सरकार द्वारा या विदेशी सहायता से एड्स नियंत्रण कार्यक्रम क्रियान्वित किया जा रहा है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री बी० शंकरानन्द): (क) 31 मई, 1994 तक मध्य प्रदेश से 64 एच० आई० वी० पॉजिटिव रोगियों की सूचना मिली है। जिलावार कोई आंकड़े नहीं रखे जाते हैं।

(ख) एच०आई०वी० एड्स जांच सुविधाएं (I) विकृति विज्ञान विभाग, गांधी मेडिकल कालेज भोपाल (II) चैन राम अस्पताल एवं अनुसंधान केन्द्र, इंदौर दो निगरानी केन्द्रों तथा निम्नलिखित जोनल रक्त जांच केन्द्रों में उपलब्ध हैं:—

1. रक्त बैंक, मेडिकल कालेज, भोपाल
2. रक्त बैंक, विकृति विज्ञान विभाग, गांधी मेडिकल कालेज, भोपाल
3. रक्त बैंक, मेडिकल कालेज, ग्वालियर।
4. रक्त बैंक, चैतराम अस्पताल एवं अनुसंधान केन्द्र, इंदौर।
5. रक्त बैंक, मेडिकल कालेज, इंदौर।
6. रक्त बैंक, रीवा मेडिकल कालेज, रीवा।
7. रक्त बैंक, जिला अस्पताल, बिलासपुर।
8. रक्त बैंक, मेडिकल कालेज, जबलपुर।

(ग) जी हां,

(घ) विश्व बैंक सहायता प्राप्त राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत मध्य प्रदेश को वर्ष 1992-93 में 50.55 लाख रुपये तथा 1993-94 में 62.288 लाख रुपये दिए गए हैं।

Shortage of Doctors in Kashmir Valley

7720. SHRI VIRENDRA KATARIA:

Will the Minister of FAMILY WELFARE be pleased to state:

(a) whether it is a fact that at present there is an acute shortage of medical doctors in Kashmir valley;

(b) if so, the reasons therefor;

(c) whether any assesment has been made to know the demand of doctors in Government hospitals and otherwise to cater to the needs of the residents of the valley, if so, what are the details in this regard; and

(d) what remedial measures have been taken by Govertnment to meet the situation?

THE MINISTER OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (SHRI B. SHANKARANAND) (a) and (b) The shortage is due to the migration of doctors outside the valley.

(b) 268 doctors and 142 Specialists were assessed to be short.

(d) 94 doctors and 19 Specialists have been recruited through Special Recruitment Drive during 1993-94.